(2UG202)

Roll No. ... .

S.C.No.—2001202

B. A. EXAMINATION, 2022

(Second Semester)

HINDI (Compulsory)

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 80*

नोट : कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8+8=16

(क) भयानक समस्या है । मूर्खों ने स्वार्थ के लिए साम्राज्य के गौरव का सर्वनाश करने का निश्चय कर लिया है । सच है, वीरता जब भागती है, तब उसके पैरों से राजनीतिक छलछंद की धूल उड़ती है ।

(ख) नहीं, अपनी रक्षा मैं स्वयं करूँगी । मैं उपहार में देने की वस्तु, शीतलमणि नहीं हूँ । मुझमें रक्त की तरल लालिमा है । मेरा हृदय उष्ण है

https://www.cbluonline.com

और उसमें आत्मसम्मान की ज्योति है । उसकी रक्षा मैं ही करूँगी ।

(ग) जिस मर्यादा के लिए, जिस महत्त्व को स्थिर रखने के लिए, मैंने राजदंड ग्रहण न करके अपना मिला हुआ अधिकार छोड़ दिया, उसका यह अपमान ! मेरे जीवित रहते आर्य समुद्रगुप्त के स्वर्गीय गर्व को इस तरह पद-दलित न होना पड़ेगा ।

(घ) स्त्रियों के इस बलिदान का भी कोई मूल्य नहीं। कितनी असहाय दशा है । अपने निर्बल और अवलम्ब खोजने वाले हाथों से यह पुरुष के चरणों को पकड़ती है और वे सदैव इनको तिरस्कार, घृणा और दुर्दशा की भिक्षा से उपकृत करते हैं–तब भी ये बावली क्या मानती हैं ?

2. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के माध्यम से प्रसाद जी ने नारी-विषयक किन समस्याओं को उठाया है ? 16

3. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के आधार पर चन्द्रगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए । 16

4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 150-150 शब्दों में दीजिए : 4×4=16

(क) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के नामकरण पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

https://www.cbluonline.com

(ख) "ध्रुवस्वामिनी वीरांगना होने के साथ-साथ व्यवहार कुशल नारी भी है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(ग) रामगुप्त, ध्रुवस्वामिनी को शकराज को देने को तैयार क्यों हुआ ?

(घ) शकराज कौन था ? उसकी मृत्यु किस प्रकार हुई ?

(ङ) शिखर स्वामी का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(च) मंदाकिनी कौन थी ? मंदाकिनी के गूँगी होने के अभिनय का प्रमुख लक्ष्य क्या था ?

5. भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है ? स्पष्ट कीजिए । 16

6. कृष्ण काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 16

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

8+8=16

(क) भक्तिकाल की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों का परिचय दीजिए ।

(ख) संत काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

https://www.cbluonline.com

(ग) राम काव्यधारा की भक्ति-भावना को प्रतिपादित कीजिए ।

(घ) सूरदास के वात्सल्य-वर्णन पर प्रकाश डालिए ।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

8+8=16

(क) भाषा किसे कहते हैं ? भाषा के विविध रूपों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) वर्तनी से क्या अभिप्राय है ? हिन्दी वर्तनी की समस्याओं और समाधान पर प्रकाश डालिए ।

(ग) मानक भाषा किसे कहते हैं ? मानक भाषा की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(घ) राजभाषा और राष्ट्रभाषा में क्या अंतर है ? स्पष्ट कीजिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

8×2=16

(i) समुद्रगुप्त ने युवराज किसे चुना था और क्यों ?

(ii) रामगुप्त कौन था ? वह कैसा शासक था ?

(iii) ध्रुवस्वामिनी किसकी वाग्दत्ता थी ?

https://www.cbluonline.com

(iv) शकराज ने संधि के लिए क्या शर्तें रखीं ?

(v) तुलसीदास की किन्हीं चार रचनाओं के नाम लिखिए ।

(vi) भक्तिकाल की चार शाखाओं के नाम लिखिए।

(vii) 'आँखों का तारा' मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(viii) 'अधजल गगरी छलकत जाय' लोकोक्ति का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

https://www.cbluonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.cbluonline.com